



... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, सोमवार, 08 दिसम्बर-2025

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष -43 ● अंक 97 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया








# कांग्रेस ने वंदे मातरम् के टुकड़े किए

## गीत के150 साल पूरे होने पर पीएम का विपक्ष पर हमला

● अंग्रेजों के लिए मुंहतोड़ जवाब इस नारे के साथ अन्याय किया गया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को शीतकालिन सत्र के छठे दिन लोकसभा में वंदे मातरम् पर चर्चा की शुरूआत की। पीएम मोदी ने सोमवार को लोकसभा में वंदे मातरम् के 150 साल पूरे होने पर हुई चर्चा की शुरुआत की। उन्होंने एक घंटे की स्पीच में कहा 'वंदे मातरम् अंग्रेजों को करारा जवाब था, ये नारा आज भी प्रेरणा दे रहा। आजादी के समय महात्मा गांधी को भी यह पसंद था। उन्हें यह गीत नेशनल एंथन के रूप में दिखता था। पीएम ने कहा, उनके लिए इस गीत की ताकत बड़ी थी। फिर पिछले दशकों में इसके साथ इतना अन्याय क्यों हुआ। वंदे मातरम् के साथ विश्वासघात क्यों हुआ। वो कौन सी ताकत थी, जिसकी इच्छा बापू की भावनाओं पर भी भारी पड़ी। उन्होंने कहा, मोहम्मद अली जिन्ना ने लखनऊ से 15 अक्टूबर 1936 को वंदे मातरम् के खिलाफ नारा बुलंद किया। कांग्रेस के तत्कालीन अध्यक्ष जवाहरलाल नेहरू को अपना सिंहासन डोलता दिखा।



बजाय इसके कि नेहरू मुस्लिम लीग के आधारहीन बयानों को करारा जबाब देते, उसकी निंदा करते, लेकिन उल्टा हुआ। उन्होंने वंदे मातरम् की ही पड़ताल शुरू कर दी। पीएम मोदी ने एक घंटे की स्पीच में वंदे मातरम् 121 बार, देश 50, भारत 35, अंग्रेज 34, बंगाल 17, कांग्रेस का 13 बार जिक्र किया। उन्होंने वंदे मातरम् के रचियता बंकिम चंद्र चटर्जी का नाम 10 बार, नेहरू 7 बार, महात्मा गांधी 6 बार, मुस्लिम लीग 5 बार, जिन्ना 3 बार, संविधान 3 बार, मुसलमान 2 बार, तुष्टिकरण 3 बार कहा।

### वंदे मातरम् का स्मरण सदन का सौभाग्य

'जिस मंत्र ने, जिस जयघोष ने देश के आजादी के आंदोलन को ऊर्जा और प्रेरणा दी थी, त्याग और तपस्या का मार्ग दिखाया था, उस वंदे मातरम् का पुण्य स्मरण करना इस सदन में हम सबका बहुत बड़ा सौभाग्य है।' जब वंदे मातरम् के 50 वर्ष पूरे हुए थे, तब देश गुलामी की जंजीरों में जकड़ा हुआ था। जब इसके 100 वर्ष पूरे हुए, तब देश आपातकाल के अंधेरे में था। आज जब इसके 150 वर्ष हो रहे हैं, तो भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने मातरम् से जुड़ा किस्सा सुनाते हुए कहा- 20 मई 1906 को बारीसाल ( अब बांग्लादेश में है) में वंदे मातरम् जुलूस निकाला, जिसमें 10 हजार से ज?यादा लोग सड़कों पर उतरे थे। इसमें हिंदू और मुस्लिम समेत सभी धर्म और जातियों के लोगों ने वंदे मातरम् के झंडे हाथ में लेकर सड़कों पर मार्च किया था।

### बंगाल के लिए गली-गली का नारा बन गया

हमारे जांबाज सपूत बिना किसी डर के फांसी के तख्त पर चढ़ जाते थे और आखिरी सांस तक वंदे मातरम् कहते थे। हमारे अनगिनत स्वतंत्रता सेनानियों ने वंदे मातरम् कहते हुए फांसी को चूम लिया। बंगाल की एकता के लिए वंदे मातरम् गली–गली का नारा बन गया था, और यही नारा बंगाल को प्रेरणा देता था।

### नेहरू ने मुस्लिम लीग के सामने घुटने टेके

जवाहरलाल नेहरू को अपना सिंहासन डोलता दिखा। बजाय इसके कि नेहरू मुस्लिम लीग के आधारहीन बयानों को करारा जबाब देते, उसकी निंदा करते, लेकिन उल्टा हुआ। उन्होंने वंदे मातरम् की ही पड़ताल शुरू कर दी। नेहरू ने 5 दिन बाद नेताजी को चिट्ठी लिखी। उसमें जिन्ना की भावना से सहमति जताते हुए लिखा कि वंदे मातरम् की आनंदमठ वाली पृष्ठभूमि से मुसलमालों को चोट पहुंच सकती है। वे लिखते हैं- ये जो बैकग्राउंड है, इससे मुस्लिम भड़केंगे। कांग्रेस का बयान आया कि 26 अक्टूबर को कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक होगी, जिसमें वंदे मातरम् के उपयोग की समीक्षा होगी। इस प्रस्ताव के खिलाफ लोगों ने देश भर में प्रभात फेरियां निकालीं, लेकिन कांग्रेस ने वंदे मातरम् के टुकड़े कर दिए। इतिहास गवाह है कि कांग्रेस ने मुस्लिम लीग के सामने घुटने टेक दिए।

### आजादी के आंदोलन में भाजपा का कोई योगदान नहीं रहा : गोगोई

**नई दिल्ली।** लोकसभा में सोमवार को वंदे मातरम् के 150 साल पूरे होने पर हो रही चर्चा में विपक्ष के नेता गौरव गोगोई ने मोदी के भाषण का जवाब देते हुए जमकर जवाबी हमले किए। गोगोई ने कहा कि



वंदे मातरम् का मूल उद्देश्य अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई थी। तो भाजपा ये बताए कि इस लड़ाई में उनके पूर्वज कहां थे? गोगोई ने कहा-पीएम के भाषण के दो मकसद थे। पहला ये उनकी बातों से लगा कि उनके राजनीतिक पूर्वज खुद ब्रिटिश के खिलाफ लड़े थे। दूसरा ये कि एक चर्चा को राजनीतिक रंग देने का, जब जब मोदी किसी विषय पर बोलते हैं, नेहरू का नाम बार-बार बोलते हैं। गोगोई ने कहा, 'ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा में उन्होंने 50 बार कांग्रेस और 14 बार नेहरू का नाम लिया, लेकिन पीएम कितनी भी कोशिश कर लें, नेहरू के योगदान पर एक भी काला दाग नहीं लगा पाएंगे। पीएम के भाषण में इतिहास को फिर से लिखने की मंशा उनके भाषण में दिखाई थी।' मोदी ने आज के भाषण में भी नेहरू का नाम 7 बार लिया। इसके बाद सपा प्रमुख और सांसद अखिलेश यादव ने स्पीच दी। उन्होंने कहा, 'जिस वंदे मातरम् ने आजादी के आंदोलन को जोड़ा, आज के दरारवादी लोग उसी से देश को तोड़ना चाहते हैं। वंदे मातरम् गाने के लिए नहीं, बल्कि निभाने के लिए है।'

## इंडिगो संकट बरकरार

### आज फिर 134 फ्लाइट कैंसिल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सोमवार को भी यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। उधर, फ्लाइट कैंसिल होने का सिलसिला भी जारी है। आईजीआई एयरपोर्ट पर इंडिगो ने कुल 134 फ्लाइट्स कैंसिल रद कर दी है। इंडिगो के अनुसार, 75 फ्लाइट जाने वाली और 59 फ्लाइट आने वाली रद की गई है। दिल्ली एयरपोर्ट ने पैसेंजर्स के लिए एडवाइजरी जारी की है। बताया गया कि इंडिगो की फ्लाइट्स में देरी जारी रह सकती है। पैसेंजर्स को सलाह दी जाती है कि किसी भी परेशानी से बचने के लिए एयरपोर्ट जाने से पहले अपनी एयरलाइन से फ्लाइट का लेटेस्ट स्टेटस चेक कर लें।

### इंडिगो के खिलाफ दायर याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने इंडिगो के खिलाफ दायर याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया है। ण्व्क सूर्यकांत ने कहा कि भारत सरकार पहले ही इस मुद्दे पर एक्शन ले चुकी है। मामल की सुनवाई 10 दिसंबर को होगी। इंडिगो की सैकड़ों उड़ानें रद्द होने से प्रभावित लोगों को राहत देने के लिए केंद्र को निर्देश देने की मांग वाली एक याचिका दिल्ली दिल्ली हाईकोर्ट में भी दायर की गई है। दिल्ली HC का कहना है कि इंडिगो फ्लाइट कैंसिलेशन पर याचिका बुधवार को सुनवाई के लिए लिस्ट की जाएगी।

### गोवा नाइट क्लब का मैनेजर गिरफ्तार, दिल्ली से दबोचा गया

**नई दिल्ली।** गोवा के अरपोरा में स्थित 'बर्च बाय रोमियो लेन' नाइट क्लब के मैनेजर भारत को गोवा पुलिस ने उत्तरी जिला के सब्जी मंडी इलाके से गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइंस इलाके में भी इसका रोमियो लेन नाम से रेस्तरां है। 'रोमियो लेन' नाइट क्लब में शनिवार देर रात को हुई दर्दनाक घटना में अभी तक 25 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि छह लोगों के घायल होने की जानकारी मिली है। पुलिस के अनुसार, नाइट क्लब का मालिक सौरभ लूथरा अभी नहीं पकड़ा गया है। वह घटना के बाद से फरार है। घटना के बाद भारत गोवा से भागकर दिल्ली अपने घर पर आ गया था। गोवा पुलिस की सूचना पर गोवा पुलिस ने दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच के साथ मिलकर रविवार रात भरत को अरेस्ट कर लिया।

# सही छूटे नहीं, गलत बने नहीं



**विशेष गहन पुनरीक्षण**


● मुख्यमंत्री ने एसआईआर की समीक्षा में दिए निर्देश

**मुरादाबाद।** सर्किट हाउस में सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के काम की समीक्षा की। मुख्यमंत्री मंडल के पांचो जनपदों मुरादाबाद, अमरोहा, रामपुर, संभल व बिजनौर की पूरी रिपोर्ट के साथ बैठे थे। रिपोर्ट के आधार पर ही वह एक एक जनप्रतिनिधि से बात कर रहे थे। बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री ने कुछ जनप्रतिनिधियों से उनके क्षेत्र के बूथ पूछे तो करीब करीब बताने पर मुख्यमंत्री ने तो टूक कहा कि सीधे तौर पर बूथ संख्या बताइए। फिर मुख्यमंत्री ने सभी से कहा कि सभी एसआईआर के काम में लग जाइए। एक-एक मतदाता का वोट अनिवार्य रूप से बने। जो सही वोट है किसी भी दशा में रहने ना पाए और गलत वोट बनने ना पाए। जनप्रतिनिधि यह अनिवार्य रूप से तय कर लें। यह भी कहा कि चुनाव में अभी से जुटने का यह सबसे महत्वपूर्ण वक्त है। एक-एक मतदाता का जब वोट आप सुनिश्चित करेंगे। एक-एक बूथ, एक-एक मतदाता तक पहुंचेंगे तो आपकी चुनाव की तैयारी खुद-ब-खुद पूरी होगी।

## डोनाल्ड ट्रंप के नाम पर सड़क! कांग्रेस पर भड़की भाजपा



**हैदराबाद।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने हैदराबाद की एक सड़क का नाम अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नाम पर रखने का प्रस्ताव रखा है। तेलंगाना के सीएम का यह फैसला तेलंगाना राइजिंग ग्लोबल समिट के दौरान अंतरराष्ट्रीय सुर्खियां पाने की कोशिश लग रहा है। हालांकि इसे लेकर सीएम रेवंत रेड्डी विरोधियों के निशाने पर आ गए हैं। तेलंगाना भाजपा ने सीएम के इस प्रस्ताव पर तंज कसा है और उनकी आलोचना की है। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने प्रस्ताव दिया है कि हैदराबाद में अमेरिका महावाणिज्य दूतावास जाने वाली सड़क का नाम 'डोनाल्ड ट्रंप एवेन्यू' रखा जाए। अगर ऐसा होता है तो ये दुनिया में पहली बार होगा, जब किसी देश में इस तरह से अमेरिका के मौजूदा राष्ट्रपति का सम्मान हुआ हो। गौरतलब है कि हैदराबाद में ये परंपरा रही है कि शहर के विकास में योगदान देने वाले राजनेताओं और वैश्विक कंपनियों के नाम पर भी सड़कों के नाम रखे गए हैं।




### ट्रैक्टर ट्रॉली में जा घुसी कार, दर्शन करने जा रहे तीन दोस्तों की मौत

**मथुरा।** बरेली-जयपुर हाईवे पर बरेली की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार ब्रिजा कार आगे चल रहे मिट्टी लदे ट्रैक्टर में घुस गई। कार में सवार शाहजहांपुर जिले के जलालाबाद के तीन दोस्तों की जान चली गयी। जबकि एक की हालत चिंताजनक बनी है। यह सभी वृंदावन में दर्शन के लिए आ रहे थे। शाहजहांपुर जिले के जलालाबाद क्षेत्र के कटरा रोड निवासी राजन गुप्ता अपने साथी नोसारा निवासी निकुंज गुप्ता, सौरभ वर्मा, राजा भारद्वाज के साथ रात करीब नौ बजे ब्रिजा कार से वृंदावन में दर्शन के लिए रवाना हुए थे। रात करीब दो बजे बरेली-जयपुर हाईवे पर केशवपुर गांव के सामने कार आगे चल रही मिट्टी लदी ट्रैक्टर ट्रॉली में घुस गई।

### डिवाइडर से भिड़ी कार, पांच की मौत

**लुधियाना ( पंजाब )।** लुधियाना में लाडोवाल के पास रविवार देर रात एक तेज रफ्तार कार बेकाबू होकर डिवाइडर से जा टकराई। हादसे में कार में सवार दो नाबालिग लड़कियों सहित पांच की मौत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है।

## अब थाईलैंड और कम्बोडिया में ठनी

### सीजफायर के बावजूद थाई सेना ने किया हवाई हमला



● ट्रंप की मध्यस्थता दरकिनार

**नई दिल्ली।** रूस-यूक्रेन, इजराइल और फिलिस्तीन, पाकिस्तान और ब्लूचिस्तान के बाद अब थाईलैण्ड और कम्बोडिया के बीच जंग शुरू हो गयी है। दक्षिण एशियाई देश थाईलैंड और कंबोडिया एक बार फिर आमने-सामने हैं। ट्रंप के दोनों देशों के बीच मध्यस्थता में हुए सीजफायर के बावजूद सोमवार को थाई सेना ने कंबोडिया पर हमला किया। थाई सेना के प्रवक्ता मेजर विंथाई सुवारी ने कहा कि सोमवार को थाईलैंड ने अपने पड़ोसी कंबोडिया पर एयर स्ट्राइक की। दोनों पक्ष अपने विवादित बॉर्डर पर हुई लड़ाई के लिए एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहरा रहा है, जिसमें एक थाई सैनिक की मौत हो गई थी। सोमवार की सुबह उबोन रात्चाथानी प्रांत में कंबोडियाई सैनिकों पर फायरिंग के बाद सुवारी ने एक बयान में कहा, 'सेना को रिपोर्ट मिली कि थाई सैनिकों पर सपोर्टिंग फायर वेपन से हमला किया गया, जिससे एक सैनिक मारा गया और चार घायल हो गए। जिसके बाद जवाबी कार्रवाई शुरू हुई। कई इलाकों में मिलिट्री टारगेट पर एयरक्राफ्ट से हमला करना शुरू कर दिया है।'

जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव
● तापमान अधिकतम : 28.3°C
● तापमान न्यूनतम : 13.0°C
● सूर्योदय : 06.10
● सूर्यास्त : 05.14
वाराणसी, 08 दिसम्बर, सोमवार, 2025 (3)



छाया : जनमुख डेस्क



शैक्षिक भ्रमण पर निकले दुलहीपुर स्थित फ्लोरेंस स्कूल के बच्चे। छाया : जनमुख डेस्क

# 75 हजार देकर उड़ा दिए 22 लाख

## साइबर ठगों का एक और कारनामा : पीड़ित ने सिगरा थाने में दर्ज करायी रिपोर्ट




**वाराणसी।** साइबर जालसाजों ने 24 कैरेट गेमिंग एप में निवेश के बहाने व्यापारी सूर्यकांत साहू के 22 लाख रुपये साफ कर दिए। पीड़ित ने सिगरा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। साइबर क्राइम विशेषज्ञ इस मामले की जांच कर रहे हैं। आजमगढ़ के लालगंज थाना क्षेत्र के कटघर गोला बाजार के मूल निवासी सूर्यकांत साहू ने पुलिस को बताया कि वह सिगरा थाना क्षेत्र में रहता है। खुद का कारोबार है। 24 कैरेट गेम खेलता था। इस गेम एप के माध्यम से धीरे-धीरे कई बार में 22 लाख रुपये निवेश कर दिया। बाद में बताया जाता रहा कि पैसा और मुनाफा बढ़ाकर दिया जाएगा। इस प्रलोभन में फंसता चला गया। बाद में मालूम चला कि यह फर्जी प्लेटफॉर्म है। 22 लाख रुपये निवेश में नुकसान हो गया। साइबर जालसाजों ने फंसा दिया। 24 अक्तूबर को इसकी शिकायत नेशनल साइबर क्राइम पोर्टल पर की है। साइबर क्राइम थाने में भी शिकायत दर्ज कराई। सिगरा इंस्पेक्टर संजय कुमार मिश्रा ने बताया कि साइबर विशेषज्ञों से प्राथमिकी की विवेचना कराई जाएगी। रोहनिया के दफ्फलपुर

### ● रोहनिया दफ्फलपुर निवासी को प्रलोभन देकर फंसाया जाल में

निवासी अरविंद सिंह की जानकारी के बिना उनके एचडीएफसी बैंक खाते से 75 हजार का लोन मंजूर कर खाते में डाल दिया गया और कुछ ही देर बाद वह रकम निकाल ली गई। ठगी की जानकारी होने पर अरविंद सिंह ने रोहनिया थाने में तहरीर देकर प्राथमिकी दर्ज कराई। भुक्तभोगी का कहना है कि उसने न तो उसने लोन मांगा न ही कोई प्रक्रिया की थी। इसके बाद भी रकम डाली और निकाली गई। अरविंद सिंह ने बताया कि 12 अक्तूबर को मोबाइल पर संदेश आने के बाद उन्होंने तुरंत टोल फ्री नंबर पर शिकायत दर्ज कराई। बैंक द्वारा दी गई फाइनल रिपोर्ट में यह कहकर पल्ला झाड़ने की कोशिश की गई कि उनसे संपर्क नहीं हो पाया, जबकि मेरा फोन चालू था। उन्होंने बैंक और ब्रांच की मिलीभगत की भी आशंका जताई है। प्रभारी निरीक्षक राजू सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है।

### जमीन के सौदे में 27 लाख की ठगी, चार पर प्राथमिकी दर्ज

जमीन दिलाने के नाम पर 27 लाख रुपये की ठगी और जान से मारने की धमकी देने के मामले में चौबेपुर पनिहरी निवासी रामरथी वर्मा ने कृपाशंकर श्रीवास्तव, रीता तिवारी, संतोष पांडेय और संजय राजभर के खिलाफ लंका थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई। रामरथी ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने साजिश के तहत 3400 वर्ग फीट जमीन का 15 जून 2024 को पंजीकृत बैनामा के लिए 25 लाख 20 हजार रुपये ऑनलाइन और दो लाख रुपये नकद दिए। बाद में जानकारी मिली कि जिस जमीन का बैनामा किया गया, वह पहले ही किसी अन्य व्यक्ति के नाम दर्ज है।




## रोटरी क्लब के दुर्गाकुंड कैंप में मोतियाबिंद के 26 मरीज चिह्नित



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** रोटरी क्लब वाराणसी सेंट्रल द्वारा आर जे शंकरा आई हॉस्पिटल के सहयोग से जुलाई 2025 से लगातार मोतियाबिंद जांच हेतु कैंप लगाए जा रहे हैं इसी क्रम में क्लब द्वारा आज छठवां कैंप प्राथमिक विद्यालय दुर्गाकुंड में लगाया गया। रोटरी क्लब वाराणसी सेंट्रल के अध्यक्ष राजेश भाटिया ने बताया कि रोटरी क्लब द्वारा वाराणसी को मोतियाबिंद मुक्त करने के अभियान के तहत मोतियाबिंद जांच हेतु आज लगाए गए कैंप में 70 मरीजों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया जिसमें जांच के उपरांत 26 मरीजों में मोतियाबिंद पाया गया। आर जे शंकरा आई हॉस्पिटल की टीम द्वारा सभी 26 मरीजों की ब्लड प्रेशर तथा शुगर की जांच की गई तथा सभी ऑपरेशन के उपयुक्त पाए गए।

## हनुमान घाट पर तमिल मेहमानों ने किया स्नान सुब्रमण्यम भारती के घर पहुंचकर जाना इतिहास



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** काशी तमिल संगमम-4.0 में तमिलनाडु से आया लेखकों का समूह हनुमान घाट पहुंचा। जहां सभी ने गंगा में स्नान कर मां का पूजा पाठ करते हुए सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। वहीं मौजूद आचार्यों ने विस्तार से गंगा के विभिन्न घाटों के इतिहास को बताया। गंगा स्नान के बाद समूह ने घाट पर स्थित प्राचीन मंदिरों में दर्शन-पूजन किया। सभी लोगों को मंदिरों के इतिहास दिव्यता,भव्यता और इतिहास के बारे में जानकारी दी गई। इसके उपरांत तमिल डेलीगेट हनुमान घाट स्थित सुब्रमण्यम भारती के घर गए। वहां उनके परिवार के सदस्यों से उन्होंने मुलाकात की। लेखकों के दल में काफी कुछ जानने की जिज्ञासा दिखी उन्होंने सुब्रमण्यम भारती के घर के समीप पुस्तकालय का भी भ्रमण किया और काफी कुछ वहां के बारे में जानकारी भी प्राप्त की।

## 'सत्या फाउण्डेशन' ने रखी थानों और चौकियों को डेसीबल मीटर प्रदान करने की मांग



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** ध्वनि प्रदूषण के खिलाफ अभियान चलाने वाली राष्ट्रीय संस्था 'सत्या फाउण्डेशन' के 4 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने कल शनिवार को वाराणसी के पुलिस आयुक्त, मोहित अग्रवाल को ज्ञापन देकर माँग की कि सभी थानों और पुलिस चौकियों को डेसीबल मीटर प्रदान किया जाए, जिस पर पुलिस आयुक्त ने गम्भीरतापूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया। संस्था के संस्थापक सचिव, चेतन उपाध्याय ने कहा कि अगर ऐसा हुआ तो पूरे उत्तर प्रदेश में वाराणसी ऐसा पहला जिला बन जाएगा जहाँ पर सभी थानों और चौकियों के पास डेसीबल मीटर उपलब्ध होगा।

## अत्याधुनिक मशीनों से मीडियाकर्मियों के आंखों की जांच, नेत्रदान का लिया संकल्प

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** काशी पत्रकार संघ द्वारा संचालित वाराणसी प्रेस क्लब की ओर से रविवार को पराड़कर स्मृति भवन में नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। बीएचयू के नेत्र विभाग के विभागाध्यक्ष डा॰ आरपी मौर्या के नेतृत्व में वरिष्ठ चिकित्सकों की टीम ने अत्याधुनिक मशीनों से पत्रकारों एव उनके परिजनों की गहन जांच की। शिविर का शुभारंभ करते हुए डा॰आर॰पी॰ मौर्य ने सभी से नेत्रदान महादान अभियान में कार्निया डोनेशन की अपील की। इस दौरान करीब तीन दर्जन लोगों ने नेत्रदान संकल्प पत्र भी भरा।

## बाबा साहेब के परिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि सभा व संगोष्ठी

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** अखिल भारतीय अनुसूचित जाति/जनजाति कर्मचारी कल्याण एसोसिएशन, नई दिल्ली (ABAJKA), BBS-3, RAMA, एवं AIDASA इकाई वाराणसी एवं अन्य संगठनों के तत्वावधान में बोधिसत्व बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के 70वें परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा व संगोष्ठी का आयोजन शनिवार को पूर्वाह्न दस बजे से कचहरी स्थित डा. अम्बेडकर स्मारक में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मिशन नायक बुद्ध मित्र मुसाफिर राष्ट्रीय अध्यक्ष AIDASA उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा. प्रेमसागर, संचालन ऊषा शास्त्री एवं धन्यवाद ज्ञापन विजय कुमार राव ने किया।

## फ्लोरेंस स्कूल के विद्यार्थियों ने शैक्षिक भ्रमण में प्राप्त किया व्यावहारिक और सांस्कृतिक ज्ञान

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** फ्लोरेंस स्कूल के विद्यार्थियों ने रविवार को शैक्षिक भ्रमण के दौरान सिद्धनाथ दरी, सक्तेशगढ़ आश्रम, दुर्गा मंदिर, चुनार किला और भंडारी देवी मंदिर तथा सम्राट अशोक के शिलालेख का अवलोकन किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने प्राकृतिक और ऐतिहासिक तथ्यों की जानकारी प्राप्त की। विद्यालय के प्रबंध निदेशक अशोक कुमार ने बताया कि शैक्षिक भ्रमण छात्रों को कक्षा के बाहर व्यावहारिक शिक्षा, सांस्कृतिक ज्ञान और सामाजिक कौशल विकसित करने के लिए किया जाता है, जिससे उन्हें इतिहास, विज्ञान, प्रकृति और संस्कृति का सीधा अनुभव होता है जिससे, उनका मानसिक तनाव कम होता है और समग्र व्यक्तित्व का विकास होता है।

## फिटनेस, संस्कृति और राष्ट्रीय गौरव का अद्भुत संगम



### ● फिट इंडिया संडेज़ ऑन साइकिल का 52वां संस्करण वाराणसी में

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** फिट इंडिया संडेज़ ऑन साइकिल का 52वां संस्करण देशभर में 10,000 से अधिक स्थानों पर सफलतापूर्वक आयोजित किया गया, जिसका नोडल कार्यक्रम सांस्कृतिक राजधानी वाराणसी में संपन्न हुआ। इस संस्करण की थीम भारत द्वारा कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 की मेज़बानी का अधिकार प्राप्त करने की ऐतिहासिक उपलब्धि पर आधारित रही। यह आयोजन फिटनेस, संस्कृति और राष्ट्रीय गौरव का अद्भुत संगम बना। इस संस्करण में प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड्स को विशेष समूह के रूप में शामिल किया गया, जो इस पहल की विभिन्न पेशेवर वर्गों के साथ साझेदारी की परंपरा को आगे बढ़ाता है। इससे पहले इस अभियान में वकीलों, डॉक्टरों, सरकारी कर्मचारियों, न्यूट्रिशनिस्ट सहित कई वर्गों की भागीदारी हो चुकी है। इस अवसर पर उपस्थित विशिष्ट अतिथियों में उत्तर प्रदेश सरकार के आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासक राज्य मंत्री श्री दया शंकर मिश्रा, पद्म भूषण से सम्मानित बनारस घराना के दिग्गज गायक पं. साजन मिश्रा, सुप्रसिद्ध तबला वादक संजू सहाय, संकट मोचन मंदिर के महंत विशम्भर नाथ मिश्रा, काशी विश्वनाथ मंदिर के प्रधान अर्चक शशि भूषण त्रिपाठी सहित देश के शीर्ष खिलाड़ी बॉक्सर अमित पंघाल, वेटलिफ्टर सुनील सिंह और फ्रीस्टाइल रेसलर पूजा सिहाग शामिल रहे।

## बरेका में मनाया गया नागरिक सुरक्षा एवं होमगार्ड वार्षिक दिवस



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** बनारस रेल इंजन कारखाना में आज शनिवार को 63वें नागरिक सुरक्षा एवं होमगार्ड वार्षिक दिवस के अवसर पर बरेका खेलकूद स्टेडियम में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बरेका नागरिक सुरक्षा संगठन के साथ ही दक्षिण मध्य रेलवे नागरिक सुरक्षा संगठन की टीम ने संयुक्त रूप से शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर बरेका स्टेडियम में आपातकालीन परिस्थितियों में किए जाने वाले राहत और बचाव कार्यों का सजीव प्रदर्शन ने उपस्थित अधिकारियों और दर्शकों को काफी प्रभावित किया। सर्वप्रथम नियंत्रक, नागरिक सुरक्षा सागर ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बरेका महाप्रबंधक सोमेश कुमार को पौधा भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया। महाप्रबंधक सोमेश कुमार ने ध्वजारोहण किया।

## ट्रांसजेंडर एक्ट के लिए उठायी आवाज




**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** गुलाबबाग, पार्क, सिगरा से मलदहिया तक रविवार 7 दिसंबर रविवार को क्वीयर प्राइड मार्च निकाला गया। रंग-बिरंगे झंडों और पोस्टरों के बीच बड़ी संख्या में LGBTQIA+ समुदाय, सामाजिक कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने भाग लेकर समानता, सम्मान और सुरक्षित माहौल के लिए बात उठाई। कार्यक्रम का परिचय आरोही ने कराया। मार्च जीजीआईसी मलदहिया इंग्लिशिया लाइन फूलमंडी होते हुए काशी विद्यापीठ साजन चौराहे से वापस आईपी मॉल होते हुए गुलाब बाग़ पार्क सिगरा आकर समाप्त हुआ। मार्च में मौजूद सीतापुर से NAPM की राज्य संयोजक ऋचा सिंह ने कहा कि ट्रांस जेंडर और क्वीयर समुदाय के अधिकार और समाज में उनको बन्धुतापूर्ण सम्मानित जगह दिलवाने की लड़ाई बनारस में मजबूती से लड़ी जानी चाहिए। मार्चस्थल पर हुई सभा में काशी विद्यापीठ के प्रोफेसर संजय ने कहा कि बनारस सर्व धर्म सर्व पंथ की प्रतिनिधि जगह रही है। यहां सभी तरह के विचार और कार्यक्रमों की स्वीकार्यता रही है। कार्यक्रम में प्रिज्मैटिक फाउंडेशन, लोक समिति, एशियन ब्रिज इंडिया, दख़ल, आदि संस्थाओं ने जानकारियों से भरा स्टॉल लगाया। क्वीयर ट्रांसजेंडर साथियों ने अपने मुद्दे

## मंत्री ने की SIR में सहयोग की अपील



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** प्रदेश सरकार के स्टांप एवं न्यायालय पंजीयन शुल्क राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविन्द्र जायसवाल ने रविवार को (388) शहर उत्तरी विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड रमरेपुर, वार्ड सारनाथ, वार्ड पहाड़िया, वार्ड अकथा, वार्ड नारायणपुर, वार्ड लहरतारा व वार्ड जगतगंज में पार्षदगण, मंडल पदाधिकारीगण, बीएलए व वरिष्ठजनों के साथ बैठक कर छूटे हुए मतदाताओं का एईं फार्म घर-घर जाकर भरवाने के लिए अपील किया। उन्होंने विशेष रूप से जोर देते हुए कहा कि यदि किसी व्यक्ति का नाम कई स्थानों पर मतदाता सूची में है, तो उसे कई स्थानों पर इन्यूमेरेशन फॉर्म (गणना प्रपत्र) प्राप्त हो सकता है, लेकिन उसे केवल एक ही गणना प्रपत्र पर भरने होंगे।

# टूरिज्म और हॉस्पिटैलिटी के लिए आईआईए का एक्सपो बूस्टर डोज

### वाराणसी के साथ प्रदेश की भी बढ़ेगी जीडीपी

### ● आयोजन 18-19 दिसंबर को



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन वाराणसी की कार्यकारिणी की बैठक रविवार को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आर.के. चौधरी की अध्यक्षता में मलदहिया स्थित विनायक प्लाजा में संपन्न हुई। 18- 19 दिसंबर को होटल ताज गेंजेस में होने वाली अंतरराष्ट्रीय टूरिज्म तथा हॉस्पिटैलिटी एक्सपो 2025 में 15 देश के राजनयिकों तथा प्रतिनिधियों के आने की सहमति से आई आई ए के सदस्य उत्साहित है। आर.के. चौधरी ने बताया कि इन सभी देशों के राजनयिकों तथा प्रतिनिधियों के सहमति पत्र तथा पासपोर्ट की प्रति इत्यादि प्राप्त हो चुकी है। प्रदेश के सभी जनपदों से तथा उत्तराखंड दिल्ली हरियाणा बिहार मध्य प्रदेश आदि प्रदेशों के टूरिज्म तथा हॉस्पिटैलिटी सेक्टर के उद्यमियों की आने की सहमति प्राप्त हो गई है। आईआईए के राष्ट्रीय महासचिव दीपक बजाज ने बताया कि एक्सपो की सारी तैयारियां पूर्ण हो चुकी है, टूरिज्म तथा हॉस्पिटैलिटी सेक्टर के 100 स्टॉल लगेंगे। बैठक में आईआईए के उद्यमी उमाशंकर अग्रवाल, राष्ट्रीय सचिव अनुपम देव, डिविजनल चेयरमैन प्रशांत अग्रवाल, डिविजनल सचिव मनीष कटारिया, चैप्टर चेयरमैन पंकज अग्रवाल, चैप्टर सचिव बी एन दुबे, आई आई ए युवा विंग के अध्यक्ष उमंग गुप्ता, सचिव बृजेश केसरी, प्रशांत गुप्ता, गौरव गुप्ता उपस्थित रहे।

## 'होम फैशन' के अधिष्ठाता की पत्नी सुशीला देवी का निधन



सुशीला देवी प्रह्लादका

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** शहर के प्रतिष्ठित प्रतिष्ठान **'होम फैशन'** के अधिष्ठाता स्व. सत्य नारायण प्रह्लादका की धर्मपत्नी सुशीला देवी प्रह्लादका का आकस्मिक निधन विगत एक दिसम्बर को हो गया। मुखाग्नि उनके पुत्र संदीप एवं सौरभ प्रह्लादका ने दी। वे अपने पीछे देवर शिवकुमार, महेश, अरूण, अवधेश, पुत्रवधू सुनीता व स्वाति, पौत्र चैतन्य एवं पौत्रवधू प्रीतिका, पौत्री संस्कृति, आविका, अमायरा से भरापूरा परिवार छोड़ गयीं। दिवंगत सुशीला देवी का श्राद्धकर्म शुक्रवार 12 दिसम्बर को होगा। ब्राह्मण भोजन एवं प्रसाद वितरण दोपहर एक बजे से तीन बजे तक टीका अपराह्न चार बजे निवास स्थान प्रह्लादका हाऊस 150-ए रविन्द्रपुरी में होगा। श्रद्धांजलि देने वालों में रोटरी क्लब वाराणसी ग्रेटर एवं रॉयल्स, भारत विकास परिषद् सिटी के सदस्य, अनिल जाजोदिया, अनिल अग्रवाल, प्रवीण कपूर, विवेक मेहरोत्रा, पवन धूत, दीपक, शारदा, गर्वित चहरिया, शशांक अग्रवाल आदि शामिल रहे।

जनमुख परामर्श मंडल

एस. कुमार
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

संतोष अग्रवाल हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

श्रीनारायण खेमका
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

वी.के.जैन
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

डा. एस.के.पाठक
वरिष्ठ चिकित्सक

डा. नीलम ओहरी
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'

समाचार सम्पादक
सरोज सिन्हा

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324

## सुल्तानपुर समाचार

### युवक का अपहरण कर हत्या



**सुल्तानपुर।** यूपी के सुल्तानपुर में युवक का अपहरण कर हत्या करने वाले आरोपियों से सोमवार की तड़के पुलिस की मुठभेड़ हो गई। इस दौरान पैर में गोली लगने से एक आरोपी घायल हो गया। इसे पकड़ लिया गया। जबकि, इसका साथी भागने में सफल रहा। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है। चांदा थाना क्षेत्र के साढ़ापुर निवासी अमन यादव (24) की शनिवार की शाम अपहरण के बाद हत्या कर दी गई थी। रविवार सुबह उसका शव नदी में मिला था। अपहरण का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया था। फुटेज के आधार पर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी थी। तड़के पहर आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस का सामना दो आरोपियों से हो गया। इस दौरान पैर में गोली लगने से दीपक यादव उर्फ़ राका घायल हो गया। वहीं एक अन्य आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। पुलिस पहले ही इस केस में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।बताते चलें कि शनिवार रात कार सवार बदमाशों ने ईशीपुर अरजो के पास से अमन यादव का अपहरण कर लिया था। इसकी बेरहमी से पिटाई की।

## सोनभद्र समाचार

### नहाते समय नाले में गिरी किशोरी, डूबने से मौत

**हाथीनाला।** क्षेत्र के बेलहत्थी ग्राम पंचायत के टोला कोड़री में रविवार की दोपहर नाले में नहाते समय मिर्गी का दौरा पड़ने से एक किशोरी गश खाकर गिर पड़ी। पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बेलहत्थी गांव के टोला कोड़र निवासी रामसूरत की बेटी जानकी (14) दोपहर 12 बजे घर के पास स्थित नाले में नहाने गई थी। नहाते समय उसे मिर्गी का दौरा आ गया, जिससे वह मुंह के बाद नाले में गिर पड़ी और डूबने से उसकी मौत हो गई। पिता ने बताया कि जानकी को मिर्गी की बीमारी थी। प्रभारी निरीक्षक भैया एसपी सिंह ने बताया कि पंचनामा की कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए दुद्धी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया गया।

## भदोही समाचार

### गड्ढे में पड़ते ही बाइक से गिरी महिला, स्कॉर्पियो ने रौंदा, मौत

**ज्ञानपुर।** भदोही-ज्ञानपुर मार्ग पर ज्ञानपुर के पटेल नगर के समीप रविवार को शंभूपुर गांव निवासी राजेश पाल की पत्नी जायत्री देवी (40) बाइक से गिर गईं। इसी दौरान गुजरी स्कॉर्पियो ने उन्हें रौंद दिया। इससे उनकी मौत हो गई। वह अपने भतीजे के साथ मायके अमिलौरी से ससुराल जा रही थीं। इस बीच गड्ढे के पास अचानक ब्रेक लगाते ही वह बाइक से गिर गईं। अस्पताल में उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। गोपीगंज कोतवाली क्षेत्र के शंभूपुर गांव निवासी राजेश पाल की पत्नी जायत्री देवी (40) अपने मायके अमिलौरी गांव आई थीं। जहां से वह अपने भतीजे शिवम की बाइक पर बैठकर ऑटो पकड़ने ज्ञानपुर जा रही थीं। पटेल नगर के पास एक बाइक सवार ने उनकी बाइक को ओवरटेक किया। इसी बीच सामने एक गड्ढा भी आ गया। शिवम ने हड़बड़ाहट में ब्रेक मारने का प्रयास किया लेकिन तब तक बाइक गड्ढे में चली गई। इससे पीछे बैठी जायत्री बाइक से नीचे गिर गईं। इस बीच भदोही से ज्ञानपुर की तरफ जा रही एक स्कॉर्पियो महिला के पेट और गर्दन पर चढ़ गई। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से महिला को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। इमरजेंसी में तैनात ईएमओ डॉ. मुन्नालाल ने बताया कि महिला गंभीर अवस्था में लाई गई थी। उसका ऑक्सीजन लेवल और पल्स रेट लगातार कम होता गया।

## मऊ समाचार

### ब्लैक स्पॉट पर ट्रक चालक ने लगाया ब्रेक पीछे से बाइक टकराई, दो दोस्तों की मौत

**रतनपुरा (मऊ)।** हलधरपुर थाना क्षेत्र के डीह तिलक ठाकुर गांव के पास ब्लैकस्पॉट पर शनिवार की रात नौ बजे ट्रक चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया। इस वजह से पीछे से आ रही बाइक टकरा गई। इस पर बैठे दो युवकों की मौत हो गई। मृतक आलोक गिरी उर्फ उदित (19) और आदर्श गुप्ता (18) है।हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर भाग गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों युवकों के पिता की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने अज्ञात चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली है। हलधरपुर थाना क्षेत्र के मेउड़ीकला गांव निवासी आलोक गिरी उर्फ उदित और मोहम्मदपुर बरहिया के मुहवां निवासी आदर्श गुप्ता रतनपुरा स्थित निजी स्कूल में 12वीं के छात्र थे।

## बलिया समाचार

### काश्तकारों ने रोका काम, सेतु निगम पर मनमानी का आरोप



**चितबड़ागांव।** टोंस नदी पर बन रहा पुल एक बार फिर विवादों में घिर गया है। चितबड़ागांव कस्बे की तरफ बने रहे एप्रोच मार्ग का काम रविवार को ग्रामीणों ने रोकवा दिया। मुआवजे और नक्शे के अनुसार एप्रोच मार्ग नहीं बनाने का आरोप लगाया।

सेतु निगम पर मनमानी का आरोप लगाया। उधर, निर्धारित समय-सीमा बीत जाने के दो साल बाद भी पुल का निर्माण पूरा न होने से लोगों में नाराजगी है।पुल की आधारशिला तत्कालीन राज्यमंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय एवं उपेंद्र तिवारी ने रखी थी। प्रारंभिक चरण में पुल तथा दूसरी ओर का एप्रोच मार्ग तैयार हो गया था लेकिन चितबड़ागांव कस्बे की तरफ निर्माण के दौरान बिना मुआवजा दिए कार्य शुरू होने पर किसानों ने विरोध जताते हुए काम रोक दिया। काश्तकारों का आरोप है कि उपजिलाधिकारी सदर एवं सेतु निगम द्वारा सीमांकन के दौरान एप्रोच मार्ग के लिए दोनों तरफ कुल 16 पत्थर गाड़े गए थे, जिन्हें एक काश्तकार द्वारा उखाड़ दिया गया। किसान अशोक कुमार सिंह ने आरोप लगाया कि टोंस नदी पुल के एप्रोच मार्ग को मुख्य सड़क से जोड़ने के दौरान 11000 केवीए विद्युत तार को जानबूझकर क्रॉस कराया गया।

## चंदौली समाचार

### मुगलसराय विधायक ने तीन सड़कों का लोकार्पण किया

**चंदौली।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर के मुगलसराय में सोमवार दोपहर 12 बजे विधायक रमेश जायसवाल ने नियामताबाद विकास खंड में लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित तीन सड़कों का लोकार्पण किया। इन सड़कों के निर्माण पर कुल 26 लाख 42 हजार रुपए की लागत आई है। लोकार्पित की गई सड़कों में हमीद-पुर में कोनीया मुस्लिम बस्ती मार्ग (लागत 5 लाख 9 हजार रुपए), NH 7 से टेंगरा ताहिरपुर गोपालपुर मार्ग (लागत 4 लाख 7 हजार रुपए) और गोबरहा गोपालपुर वाया ठकुरान हरिजन बस्ती मार्ग (लागत 17 लाख 26 हजार रुपए) शामिल हैं। विधायक जायसवाल ने इन सड़कों का लोकार्पण स्थानीय जनता के हाथों करवाया। इस अवसर पर स्थानीय लोगों ने विधायक के इस कदम की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह पहली बार है जब किसी विधायक ने स्वयं लोकार्पण न करके जनता से करवाया है।

## गोरखपुर समाचार

### गोरखपुर में हत्या के आरोपी सिपाही ने सरेंडर किया



**गोरखपुर।** सीआईडी में तैनात महिला हेड कॉन्स्टेबल सरोज यादव की हत्या के मामले में फरार सिपाही अष्टभुज कुमार यादव ने शनिवार को कोर्ट में सरेंडर कर दिया। वह वारदात के बाद करीब 3 महीने से फरार था। शाहपुर पुलिस उसकी तलाश में लगातार दबिश दे रही थी। पुलिस के मुताबिक, 27 फरवरी 2025 की रात सरोज की मौत को पहले सामान्य बताया गया था। पोस्टमार्टम में स्पष्ट वजह नहीं मिलने पर बिसरा जांच के लिए भेजा गया। फॉरेंसिक रिपोर्ट में एल्युमीनियम फास्फाइड जहर की पुष्टि हुई। जिसके बाद मामला हत्या में तब्दील हो गया। सितंबर में शाहपुर पुलिस ने सरोज के पिता हरीलाल यादव की तहरीर पर अष्टभुज, उसकी मां और पिता पर हत्या की प्राथमिकी दर्ज की थी।

सरोज के पिता हरीलाल यादव ने आरोप लगाया था कि दामाद अष्टभुज का एक महिला कांस्टेबल से अवैध संबंध चल रहा था। इसे जारी रखने और आर्थिक लाभ के लिए उसने अपनी पत्नी की हत्या की साजिश रची। आरोप यह भी है कि बेटी की मौत के बाद अष्टभुज ने सरोज के नाम पर ली गई इंश्योरेंस की रकम भी हड़प ली। शाहपुर थाना प्रभारी नीरज राय ने बताया कि अष्टभुज कुमार यादव ने कोर्ट में सरेंडर किया है। पुलिस जल्द ही उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी। शाहपुर थाना क्षेत्र के हरीलाल यादव सरकारी विभाग से रिटायर हो चुके हैं। हरीलाल यादव ने बताया कि मेरी बेटी सरोज यादव की शादी 11 दिसंबर 2013 को क्षेत्र के ही पादरी बाजार श्याम विहार कालोनी निवासी अष्टभुज कुमार यादव से हुई थी। दामाद अष्टमभुज कुशीनगर जिले के अहिरौली बाजार थाना के मगडीहा के मूल निवासी हैं। बेटी की धूमधाम से शादी की थी। दामाद अष्टभुज कुमार यादव यूपी पुलिस में चीफ कांस्टेबल पद पर नौकरी करता है। वह लखनऊ में किसी अधिकारी का गनर है। मेरी बेटी सरोज पुलिस विभाग के सीआईडी खंड गोरखपुर में चीफ कांस्टेबल पद पर नौकरी करती थी। शादी के बाद 2 बच्चे हुए। इस समय अनमोल यादव 9 और अक्षरा यादव 6 साल की है। शादी के बाद दामाद ने मेरी बेटी सरोज का 50 लाख रुपये का एचडीएफसी बैंक से टर्म लाइफ इंश्योरेंस कराया था।

## जौनपुर समाचार

### पगडंडियों के सहारे छात्र पहुंचते हैं स्कूल, दिव्यांग छात्रों को झेलनी पड़ती है परेशानी

**सिरकोनी।** ब्लॉक के दो सरकारी विद्यालयों तक आवाजाही के लिए चक मार्ग का निर्माण नहीं किया जा सका है। छात्र और शिक्षक पगडंडियों का सहारा लेकर स्कूल पहुंचते हैं और उन्हीं रास्तों से घर पहुंचते हैं। चुनाव के दौरान यही विद्यालय मतदान केंद्र बनाए जाते हैं तब भी अधिकारियों को इन्हीं समस्याओं का सामना करना पड़ता है। सिरकोनी ब्लॉक में प्राथमिक और जूनियर मिलाकर कुल 99 सरकारी विद्यालय संचालित किए जाते हैं। इनमें से अहमदपुर गांव स्थित अभिनव प्राथमिक विद्यालय व लाडनपुर अभिनव प्राथमिक विद्यालय तक आवाजाही के लिए अभी तक चक मार्ग नहीं बन सका है। छात्र, शिक्षक और अभिभावक कच्ची पगडंडियों के माध्यम से विद्यालय पहुंचते हैं। जब इन विद्यालयों की स्थापना की गई तो दिव्यांग बच्चों के लिए रैंप की व्यवस्था तो कर दी गई, मगर चक मार्ग की व्यवस्था आज तक नहीं हो सकी है।

## आजमगढ़ समाचार

### हाईवे पर डिवाइडर से टकराई बाइक, एक की मौत, दो घायल



**अहरौला।** पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर पूरबपट्टी गांव के समीप रविवार सुबह 10:30 बजे अनियंत्रित बाइक डिवाइडर से टकरा गई। इसमें अहरौला निवासी आतिफ (22) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल भिजवाया गया। कस्बा निवासियों से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार रात ऋषभ के बुआ के बेटी की शादी में शामिल होने के लिए तीनों युवक बाइक से आजमगढ़ गए हुए थे। सुबह वे वहां से बाइक पर सवार होकर अहरौला घर लौट रहे थे। बाइक पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के किलोमीटर संख्या 211 के पूरबपट्टी गांव के पास पहुंची थी कि तेज गति की बाइक अनियंत्रित होकर एक्सप्रेस-वे के डिवाइडर से टकरा गई। इसमें आतिफ बाइक चला रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक तीनों में से किसी ने हेलमेट नहीं लगाया था। अगर हेलमेट पहने होते तो उनकी जान बच जाती। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर हुए इस हादसे में आतिफ की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पीछे बैठे प्रियांशु (20) और ऋषभ (21) गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल भेजा

## गाजीपुर समाचार

### बगीचे में पेड़ से गमछे के सहारे लटकता मिला युवक का शव

**बहरियाबाद।** थाना क्षेत्र के बेवदा गांव में रविवार सुबह धर्मेंद्र चौहान (32) का शव बगीचे में नीम के पेड़ से गमछे के सहारे लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। थानाध्यक्ष कृष्ण प्रताप सिंह ने बताया कि ग्रामीणों ने रविवार की सुबह करीब 7.15 बजे सूचना दी कि बेवदा गांव के बाहर स्थित सैयद बाबा की मजार के पास बगीचे में धर्मेंद्र चौहान पुत्र यदुनंदन चौहान, निवासी बेवदा का शव गमछे के सहारे नीम के पेड़ से लटक रहा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पेड़ से उतारकर अपने कब्जे में लिया। मृतक की मां जिरिया देवी के अनुसार धर्मेंद्र दो भाई-बहन था। बहन रीना चौहान की शादी 2012 में हो चुकी है। धर्मेंद्र अविवाहित था और घर पर ही रहता था। उसके पिता यदुनंदन चौहान दिल्ली में प्राइवेट बिजली मिस्त्री के रूप में काम करते हैं।

## मीरजापुर समाचार

### मां विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय के द्वितीय स्थापना दिवस पर विश्वविद्यालय द्वारा सप्तरंग प्रतियोगिता कार्यक्रम



**मीरजापुर।** मां विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय के द्वितीय स्थापना दिवस पर विश्वविद्यालय द्वारा सप्तरंग प्रतियोगिता कार्यक्रम डैफोडिल्स पब्लिक स्कूल लोहिया तालाब में 8 दिसंबर को आयोजित हुआ।

उक्त आशय की जानकारी विश्वविद्यालय की कुलपति डॉक्टर शोभा गौड़ ने के बी0 कॉलेज के हाल में पत्रकारों से वार्ता करते हुए व्यक्त की। उन्होंने कहा कि हमारे विश्वविद्यालय से सम्बद्ध 155 महाविद्यालय के छात्र-छात्रा इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे जिसमें लोक नृत्य, लोकगीत, निबंध प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता मेहंदी प्रतियोगिता, गोष्ठी तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। उन्होंने कहा कि विजयी प्रतियोगियों को पुरस्कृत किया गया तथा महत्वपूर्ण सम्मानित लोगों को भी सम्मान से विभूषित किया गया।

सुश्री गौड़ ने कहा कि प्रातः साढे सात बजे से विश्वविद्यालय परिसर देवरी में सर्वप्रथम पूजन कार्यक्रम, वृक्षारोपण कार्यक्रम कर्मयोगियो एवं उनके बच्चों को उपहार दिया गया। तद्पश्चात सप्तरंग कार्यक्रम का आयोजन लोहिया तालाब में 11:00 बजे से हुआ। उन्होंने कहा की शुरुआत में हमारे विश्वविद्यालय को 55 विभाग खोलने की अनुमति शासन से प्राप्त हुई है। कुलपति ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि हम सभी लोग मिलकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा अपने छात्र-छात्राओं को उपलब्ध कराये ताकि उनका चहुंमुखी विकास हो। इस अवसर पर पंडित छन्नूलाल मिश्र पद्म विभूषण की पुत्री डॉ नम्रता मिश्रा ने विश्वविद्यालय को अपने पिता के समस्त उपहार एवं सामान जो भी उनके पास था देने की घोषणा की।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से कुल सचिव रामनारायण प्राचार्य केबीपी जी कॉलेज गौरी शंकर द्विवेदी प्राचार्य के एम कॉलेज डॉक्टर रितु सिंह तथा शशांक शेखर द्विवेदी नम्रता मिश्रा डॉक्टर धनंजय सिंह आदि शिक्षक गण उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर कुलदीप पांडे ने किया।

## देवरिया समाचार

### घर वाले मेरी दूसरी शादी करना चाहते थे पत्नी की हत्या कर देंगे सोचा भी नहीं था

**दुदही।** मेरे माता-पिता मेरी दूसरी शादी करवाना चाहते थे। वे मेरी पत्नी को पसंद नहीं करते थे। इसलिए अक्सर उसे प्रताड़ित करते पर वे उसकी हत्या कर देंगे यह कभी नहीं सोचा था। यह कहना है विशुनपुरा थाना क्षेत्र के बैकुंठपुर कोठी निवासी बृजकिशोर का। शुक्रवार रात उसकी आठ माह की गर्भवती पत्नी रिंकी की उसके छोटे भाई टुनटुन ने सोते समय चाकू मार कर हत्या कर दी थी। रविवार को पुणे से गांव पहुंचे बृजकिशोर ने पत्नी का अंतिम संस्कार कर दिया। उधर, रिंकी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने सास-ससुर समेत सात पर दहेज हत्या की प्राथमिकी दर्ज कर चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। बैकुंठपुर कोठी गांव निवासी बृजकिशोर पुणे में काम करता है। पांच साल पहले उसकी शादी हुई थी। उसकी तीन साल की एक बेटी और दो साल का एक बेटा है। उसकी 30 वर्षीय पत्नी रिंकी देवी आठ माह की गर्भवती थी। वह गांव पर ही रहती थी। शुक्रवार रात वह दोनों बच्चों के साथ कमरे में सो रही थी। आरोप है कि आधी रात को उसके कमरे में उसका देवर टुनटुन पहुंचा और पेट में चाकू घोंप दिया। हालांकि बृजकिशोर के पिता इंद्रजीत और छोटे भाई राजकुमार रिंकी को लेकर मेडिकल कॉलेज गए पर वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पिता-पुत्र वहां से भाग गए। पत्नी की हत्या की सूचना पर रविवार दोपहर बृजकिशोर घर पहुंचा और पत्नी की अंतिम संस्कार किया। उसने अपने पिता और भाइयों पर सुनियोजित तरीके से पत्नी की हत्या करने का आरोप लगाया। बृजकिशोर का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह बेटी-बेटा को गोद में लेकर पत्नी के शव से लिपटकर रो रहा है। चीख-चीख कर बोल रहा है कि पिता बार-बार दूसरी शादी करने के लिए दबाव डाल रहे थे।

## प्रयागराज समाचार

### एसआईआर में लापरवाही पर मंत्री ने जताई नाराजगी, बीएलओ के खिलाफ कार्रवाई का निर्देश



**प्रयागराज।** औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने रविवार को अपने शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के एडीए कॉलोनी नैनी स्थित आरआरबी इंटर कॉलेज, नवज्योति इंटर कॉलेज, मुट्ठीगंज स्थित आर्य कन्या इंटर कॉलेज, डॉ. केपी जायसवाल इंटर कॉलेज मतदान केंद्र का दौरा किया।

भारत निर्वाचन आयोग की ओर से चलाए जा रहे मतदाता गहन पुनरीक्षण (एसआई आर) अभियान का जायजा लिया। नैनी के एक मतदान केंद्र पर बीएलओ की शिकायत और लापरवाही सामने आने पर मंत्री नंदी ने नायब तह-सीलदार को बीएलओ के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। मंत्री ने बहादुरगंज स्थित अपने आवास पर अपना गणना प्रपत्र स्वयं भर कर बीएलओ को उपलब्ध कराया। मतदान के अधिकार एवं लोकतंत्र की मजबूती के लिए महत्वपूर्ण प्रक्रिया को पूरा किया।

मंत्री नंदी ने कहा कि मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान मतदाता सूची को सही, अद्यतन और पारदर्शी बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

चुनाव आयोग की यह पहल लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के साथ-साथ नागरिकों को अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित करती है। इसलिए सभी मतदाताओं से अपील है कि वे एसआईआर फार्म जरूर भरें। एक जागरूक नागरिक बन कर न केवल अपने अधिकार को सुरक्षित करें, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी सुदृढ़ और पारदर्शी लोकतंत्र की नींव रखने में योगदान दें। मंत्री ने शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के एडीए कॉलोनी नैनी स्थित आरआरबी इंटर कॉलेज मतदान केंद्र पर पहुंचे तो सुपरवाइजर ने बताया कि 1135 मतदाताओं में से केवल 362 मतदाताओं के ही फार्म भर कर वापस आए हैं। नैनी स्थित नवज्योति इंटर कॉलेज मतदान केंद्र पर 60 प्रतिशत से अधिक फार्म भरे जा चुके थे, लेकिन वहां पर तैनात बीएलओ विद्युत विभाग के लिपिक निर्भय कुमार द्वारा की मनमानी की शिकायत मिली। जिन्हें बूथ संख्या 344 केदारनाथ सड़वा की जिम्मेदारी दी गई है।

उन्होंने झूठ बोलते हुए कहा कि वे जिम्मेदारी पूर्वक अपना कार्य कर रहे हैं, जबकि मतदाताओं द्वारा शिकायत की गई कि बीएलओ निर्भय कुमार मतदाताओं को भ्रमित करते हुए कहा कि अब उन्हें फॉर्म नहीं मिल सकता है। जिस पर मंत्री नंदी ने नायब तहसीलदार संध्या गोस्वामी को बीएलओ निर्भय कुमार के खिलाफ कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए।

## लाइफ मंत्र

### स्नान पर्वों पर उमड़ेगा आस्था का सैलाब, संगम तट पर बनेगा अनोखा तंबू शहर



उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती के पावन संगम पर लगने वाले विश्व विख्यात माघ मेला 2026 की तैयारियां अब अंतिम चरण में हैं।

इस बार इस आस्था के महाकुंभ को और भी भव्य रूप देने की तैयारी है, जिसके लिए लगभग 800 हेक्टेयर की रेतीली भूमि पर एक संपूर्ण, सुव्यवस्थित और विशाल अस्थायी तंबुओं का शहर बसाया जा रहा है।

करोड़ों श्रद्धालुओं के आध्यात्मिक सैलाब को संभालने की तैयारी करते हुए, प्रशासन ने सुरक्षा, सुविधा और व्यवस्था के अभूतपूर्व इंतज़ाम किए हैं।

इस विशाल धार्मिक आयोजन में पौष पूर्णिमा से लेकर महाशिवरात्रि तक पड़ने वाले प्रमुख स्नान पर्वों पर देश-विदेश से करोड़ों आस्थावानों के उमड़ने का अनुमान है।

**तंबुओं का एक नया अस्थायी शहर**

मेला प्रशासन ने इस वर्ष संगम की रेती पर लगभग 800 से 1000 हेक्टेयर भूमि को समतल करवाकर, वहां एक विशाल अस्थायी शहर बसाने की योजना बनाई है। इस अस्थाई शहर को सात अलग-अलग सेक्टरों में विभाजित किया जा रहा है। यहां 4900 से अधिक धार्मिक संस्थाओं को भूमि आवंटित की जाएगी, जहां कल्पवासी और साधु-संत ठहरेंगे। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पहली बार वेलनेस सेंटर बनाए जा रहे हैं। साथ ही, लगभग 3 किलोमीटर लंबा घाट तैयार किया गया है।

**करोड़ों श्रद्धालुओं के उमड़ने का अनुमान**

माघ मेला 3 जनवरी, 2026 (पौष पूर्णिमा) से शुरू होकर 15 फरवरी, 2026 (महाशिवरात्रि) तक चलेगा और इसकी अवधि 44 दिनों की होगी। इस दौरान दुनिया भर से करोड़ों श्रद्धालुओं के संगम में डुबकी लगाने की संभावना है।

**प्रमुख स्नान पर्व**

इस दौरान कई प्रमुख स्नान पर्व पड़ेंगे, जिन पर सबसे अधिक भीड़ उमड़ने का अनुमान है।

**3 जनवरी 2026 (शनिवार):** पौष पूर्णिमा (मेले का शुभारंभ)

**15 जनवरी 2026 (गुरुवार):** मकर संक्रांति


**18 जनवरी 2026 (रविवार):** मौनी अमावस्या (सबसे बड़ा स्नान)

**23 जनवरी 2026 (शुक्रवार):** बसंत पंचमी

**1 फरवरी 2026 (रविवार):** माघी पूर्णिमा

**15 फरवरी 2026 (रविवार):** महाशिवरात्रि

## अपराजिता के फूल से घर पर बनाएं एंटी-एजिंग क्रीम, झुर्रियों को कहें अलविदा



वैसे तो महिलाएं महंगी एंटी-एजिंग नाइट क्रीम खरीदकर इस्तेमाल करती हैं, जिससे खर्च बढ़ जाता है, और कई बार ये क्रीम झुर्रियों को छिपाने में भी खास असर नहीं दिखातीं। ऐसे में अब आप अपराजिता के फूलों से घर पर ही अपनी अ्ध्भ एंटी-एजिंग नाइट क्रीम आसानी से तैयार कर सकती हैं। धीरे-धीरे उम्र बढ़ने से त्वचा पतली, सूखी और ढीली पड़ने लगती हैं, जिस वजह से चेहरे पर झुर्रियां, फाइन लाइन्स और काले धब्बे स्किन पर साफ नजर आने लगते हैं। इसके साथ ही चेहरे का निखार भी काम हो जाता है। हालांकि, आप सही से स्किन की देखभाल करेंगे, स्वस्थ आहार और एंटी-एजिंग उत्पादों से उम्र के इस बढ़ते असर को धीरे किया जा सकता है। आमतौर पर महिलाएं महंगी-महंगी एंटी-एजिंग नाइट क्रीम खरीदकर का इस्तेमाल करती हैं जिससे खर्चा बढ़ जाता है लेकिन चेहरे पर झुर्रियां छिपाने में भी बेअसर बनी रहती हैं। अब आप अपराजिता के फूलों से अ्ध्भ एंटी-एजिंग नाइट क्रीम बना सकते हैं। यह आपके चेहरे से झुर्रियां दूर करेगा।

**अपराजिता के फूलों से बनाएं एंटी एजिंग नाइट क्रीम**

- 4 नीले अपराजिता के फूल
- 1 कप पानी
- 1 चम्मच कॉर्नफ्लोर
- कुछ बूंद शुद्ध बादाम का तेल या नारियल का तेल
- 1/2 चम्मच एलोवेरा जेल
- **2 विटामिन ई के कैप्सूल**

अपराजिता के फूलों से कैसे बनाएं एंटी-एजिंग नाइट क्रीम

- सबसे पहले आप एक कप पानी उबालकर उसमें 4 नीले अपराजिता के फूल डाल दें।
- पानी का रंग नीला होने के बाद एक बर्तन में कॉर्नफ्लोर डालकर उसमें धीरे-धीरे अपराजिता के फूलों का पानी मिलाएं।
- इस बात का ध्यान रखें कि पानी और कॉर्नफ्लोर की कंसिस्टेंसी एकदम पेस्ट जैसी होनी चाहिए। इसमें कोई गांठ नहीं बनी होगी।
- इसके बाद एक बड़े बर्तन में पानी उबालें और छोटी कटोरी में इस मिश्रण को रखकर चम्मच की मदद से लगातार चलाते रहें। ध्यान रखें कि मिश्रण में गाठें नहीं बनेंगी और पेस्ट स्मूद बनकर तैयार होगा।
- इस मिश्रण को छानकर इसमें कुछ बूंदें शुद्ध बादाम का तेल या नारियल का तेल, आधा चम्मच एलोवेरा जेल और दो विटामिन ई कैप्सूल का तेल डालकर सभी चीजों को एक साथ अच्छे से फेंटें ताकि एक स्मूद मिश्रण बनकर तैयार हो जाए। यह लीजिए एंटी-एजिंग नाइट क्रीम बनकर तैयार है।



# सोने से पहले अपनाएं ये ब्यूटी हैबिट्स, दमकने लगेगी आपकी स्किन

**दरअसल, रात का समय स्किन के लिए काफी अहम् होता है। चूंकि, दिनभर में धूप, धूल, पसीना और प्रदूषण हमारी स्किन को काफ़ी नुकसान पहुंचाते हैं। ऐसे में अगर रात में स्किन की सही तरह से देखभाल की जाए तो ऐसे में स्किन को खुद को ठीक करने और दोबारा हेल्दी, फ्रेश व ग्लोइंग बनने का मौका मिलता है।**

दमकती स्किन पाने की इच्छा तो हम सभी की होती है, लेकिन इसके लिए आपको बहुत अधिक समय व पैसा खर्च करने की जरूरत महसूस होती है। हालांकि, यह पूरी तरह से सच नहीं है। अगर आप रात में सोने से पहले अपनी स्किन की केयर में कुछ वक्त बिताती हैं तो सुबह उठते ही आपका चेहरा एकदम फ्रेश व ग्लोइंग नजर आने लगता है। दरअसल, रात का समय स्किन के लिए काफी अहम् होता है। चूंकि, दिनभर में धूप, धूल, पसीना और प्रदूषण हमारी स्किन को काफ़ी नुकसान पहुंचाते हैं। ऐसे में अगर रात में स्किन की सही तरह से देखभाल की जाए तो ऐसे में स्किन को खुद को ठीक करने और दोबारा हेल्दी, फ्रेश व ग्लोइंग बनने का मौका मिलता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसी ही नाइट ब्यूटी हैबिट्स के बारे में बता रहे हैं, जो आपकी स्किन को दमकाने में मदद करेगा-

**सबसे पहले चेहरा अच्छे से करें क्लीन**

दिनभर की धूल, पसीना, मेकअप अक्सर चेहरे को नुकसान पहुंचा सकता है। इसलिए, यह जरूरी है कि आप सोने से पहले चेहरे को अच्छी तरह क्लीन करें। अगर चेहरा ठीक से साफ नहीं होगा तो सुबह चेहरे पर पिंपल निकल सकते हैं। चेहरे को क्लीन करने के लिए आप कॉटन पैड में थोड़ा गुलाबजल या नारियल तेल लगाएं और मेकअप व गंदगी को साफ कर लें। उसके बाद, एक हल्के फेस वॉश से चेहरा धो लो।

**करें डबल क्लींज**

यह जरूरी है कि आप रात में सोने से पहले अपनी स्किन को डबल क्लींज कर लें। जब आप डबल क्लींजिंग करते हैं तो इससे ना केवल गंदगी व धूल साफ होती है, बल्कि वाटरप्रूफ मेकअप को क्लीन करने में भी काफी मदद मिलती है। जब चेहरा गहराई तक क्लीन हो जाता है, तो अगले दिन चेहरा दमकने लगता है।

**जरूर लगाएं टोनर**

आप अपनी स्किन को क्लीन करने के बाद टोनर लगाना ना भूलें। इसके लिए आप गुलाबजल, खीरे का पानी, या ग्रीन टी टोनर का इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे बाद में लगाई जाने क्रीम स्किन पर बेहतर तरीके से असर करती है। टोनर के बाद आप अपनी स्किन पर मॉइश्चराइजर लगाना ना भूलें।


**अंडर आई एरिया पर भी दें ध्यान**

आंखों के नीचे के हिस्से पर खासा ध्यान दें। यह हिस्सा बहुत नाजुक होता है। इस एरिया का ख्याल रखने के लिए आप थोड़ा एलोवेरा जेल या हल्का अंडर-आई क्रीम लगाओ। इससे ना केवल सूजन कम होती है, बल्कि डार्क सर्कल्स भी कम होते हैं।

**सप्ताह में 2-3 बार ओवरनाइट मास्क लगाओ**

अपनी स्किन का ख्याल रखने के लिए बेहद जरूरी है कि आप रात में सोने से पहले ओवरनाइट मास्क लगाएं। आप सप्ताह में दो से तीन बार इस मास्क का इस्तेमाल कर सकती हैं। आप मार्केट में मिलने वाले ओवरनाइट मास्क लगा सकती हैं या फिर खुद घर पर भी एलोवेरा जेल या होममेड आइटम्स से स्लीपिंग मास्क बनाएं।

# त्वचा की नमी खो रही? बेजान दिख रही? कहीं ये विटामिन-डी की कमी का संकेत तो नहीं, जानिए 5 बड़े लक्षण



विटामिन-डी की कमी त्वचा को रूखी, बेजान बना सकती है और घावों को भरने में देरी कर सकती है, जिसे मामूली त्वचा समस्या समझकर अनदेखा नहीं करना चाहिए। यह कमी बालों के झड़ने और नाखूनों के कमजोर होने जैसे लक्षण भी दिखा सकती है, जो शरीर में पोषण की कमी का संकेत हैं। त्वचा पर दिखने वाले ये बदलाव विटामिन-डी की कमी को दर्शाते हैं, जिससे स्वास्थ्य पर असर पड़ सकता है।

त्वचा को हमारी सेहत का आईना कहा जाता है। अगर शरीर में किसी भी तरह परेशानी शुरु होने लगें, तो स्किन पर इसके संकेत नजर आने लगते हैं।

अगर आपके शरीर में विटामिन डी की कमी होने लगे है, तो यह चेहरे पर झलकने लगती है। शरीर में विटामिन डी की कमी होने से, हमारी त्वचा पर कुछ बदलाव जरुर दिखाई देते हैं। कई बार लोग इन्हें मामूली स्किन प्रॉब्लम समझकर इग्नोर कर देते हैं। अगर आप इन लक्षणों को पहचान लें, तो विटामिन डी की कमी को जल्दी पूरी किया जा सकता है। आइए आपको बताते हैं स्किन पर विटामिन-डी की कमी के कैसे लक्षण दिखाई देते हैं।

**रूखी और ड्राई स्किन**

विटामिन डी मुख्य रुप से त्वचा में नमी बनाए रखने मदद करता है। इसकी कमी से त्वचा अपनी नमी खोने लगता है, जिस कारण से त्वचा रूखी, खुजलीदार और फ्लेकी हो जाती है।

सर्दियों के सीजन में जब सूर्य की रोशनी कम होती है, तो यह समस्या और गंभीर हो सकती हैं। नियमित रूप से मॉइस्चराइजर लगाने के बावजूद यदि त्वचा ड्राई बनीं रहती है, तो यह विटामिन-डी की कमी संकेत हो सकता है।

**डल या बेजान त्वचा**

आमतौर पर विटामिन डी स्किन सेल्स को रिजुविनेट और रिपेयर करने में मुख्य भूमिका निभाता है। इसकी कमी से त्वचा की प्राकृतिक चमक फीकी पड़ने लगती है और त्वचा बेजान और डल दिलाई देती है।

**घावों का जल्दी न भरना**

यदि शरीर पर कट, खरोंच या घाव होने पर उन्हें ठीक होने में सामान्य से अधिक समय लगने लगे, तो यह विटामिन-डी की कमी का एक महत्वपूर्ण संकेत हो सकता है। विटामिन-डी शरीर में सूजन कम करने और नई त्वचा कोशिकाएँ बनाने में सहायता करता है, जिससे घाव तेजी से भरते हैं। इसकी कमी होने पर यह प्रक्रिया धीमी पड़ जाती है।

**बालों का झड़ना**

बाल झड़ने की समस्या को लोग स्ट्रेस या जेनेटिक कारण मान लेते हैं, जबकि यह पोषण की कमी से भी जुड़ा हो सकता है। विटामिन-डी बालों के फॉलिकल्स के स्वस्थ बनाने में मदद करता है। विटामिन डी की कमी से बाल पतले होने लगते हैं, टूटते हैं और काफी ज्यादा मात्रा में झड़ने लगते हैं।

**नाखूनों का कमजोर होना**

अक्सर होता है कि नाखून आसानी से टूटने लगते हैं, तो यह संकेत विटामिन-डी की कमी का हो सकता है। विटामिन-डी शरीर में कैल्शियम के अब्जॉर्प्शन के लिए जरुरी है और कैल्शियम नाखूनों की मजबूती के लिए जरुरी है। गौरतलब है कि विटामिन-डी की कमी से नाखून पतले, धारियों वाले और आसानी से टूटने लगते हैं।


होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762




बच्चों के डॉक्टर

मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ

गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
नि:संतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक रविवार 9 से 1 बजे तक
पता: टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ

काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह
M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai
Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ

समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाश्य में छाला, अन्दरूनी रक्तस्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
डॉ. शेखर पुरी
MBBS, MD (IMS-BHU)
DM (GASTRO.) SMS Jaipur
परामर्श समयः 08:30 से 04:00 बजे तक
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ

ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी (नियर पासपोर्ट ऑफिस)

मानसिक रोग विशेषज्ञ

तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ

डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170

कार्ड एवं स्टेशनरी

शादी के कार्ड
2026 डायरी, कैलेन्डर
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप

Designer Salwar Suit Lancha, Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप



Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप

DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ

